कार्यालयः–नगर परिषद्, नरकटियागंज, प० चम्पारण।

Email ID- nagarparishadnarkatiaganj1972@gmail.com

आम सूचना सं0 05/2024–25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–4081, दिनांक–26.12.2024 द्वारा भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–4081 दिनांक–26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी चयन प्रकिया एवं दिशा–निर्देश

स्वच्छता साथी कौन होंगें–

1. स्वच्छता साथी कोई भी भारतीय हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 से अधिक ना हो।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो, ताकि वे अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यार्थी की स्वच्छता सेसंबंधित कार्यो का कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यार्थी के रुप में Waste Picker, Citizen Leader, SHGs Member, Swachhagarahi, Sanitation Worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi Worker, NGOs Youth, Community Bassed Organizastion , एवं RWAs से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते हैं।
7. नगर परिषद् स्तर पर कुल संख्या 10 स्वच्छता साथी होगी।

स्वच्छता साथी को मिलने वाला लाभः–

1. कार्य अवधि पाँच घंटे प्रतिदिन न्युनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4. मानदेय प्रत्येक माह के एक से पाँच तारिख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन मो0 300/– के दर से प्रतिमाह 20दिन का मानदेय 300 x 20 = 6000.00 रु0 मानदेय के रुप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जायेगा, जिसकी अवधि अक्टुबर 2026 तक बढाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष 200 दिन के लिए Engage किया जायेगा।
8. 200कार्य दिवस प्रत्येक वर्ष में होगा जो किसी भी माह में 20 दिन का होगा,जो वर्ष के किसी भी 10 माह(स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेदारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जायेगी एवं लागातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नही होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
12. अभ्यर्थी आवेदन पत्र नगर परिषद् नरकटियागंज कार्यालय स्थित प्राप्ति काउंटर एवं संपर्क नम्बर 7033430165 से प्राप्त कर सकते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

13. अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक – 21.02.2025 तक आवेदन के साथ अपने दस्तावेज की फोटो कॉपी स्व अभिप्रमाणित कर नगर परिषद् नरकटियागंज कार्यालय स्थित प्राप्ति काउंटर पर अपराहन 05:00 बजे तक जमा कर देंगे।

14. साक्षात्कार दिनांक– 25.02.2025 को नगर परिषद् नरकटियागंज के सभागार में 11:00 बजे पूर्वाहन से आयेजित की जायेगी।

15. सभी अभ्यर्थी अपना मूल दस्तावेज (यथा– अपने संबंधित मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र, आधार कार्ड) साथ अवश्य लायेंगे।

16. इस विज्ञापन के शर्तों को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिकया पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः–

1. यह किसी भी प्रकार से Permanent Position नही है। अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नही होगा। स्वच्छता साथी नगर निकाय के कर्मी नही माने जायेंगे एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नही होगा।
2. विशेष जानकारी/आवेदन प्रपत्र नगर परिषद् नरकटियागंज कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त विहित प्रपत्र में नगर परिषद् नरकटियागंज कार्यालय में दिनांक–21.02.2025 तक जमा करना होगा।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती हैं।

07.02.25

नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् नरकटियागंज।

07/02/25

Scanned with OKEN Scanner